भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 2173

गुरूवार, 18 दिसम्बर, 2025/27 अग्रहायण, 1947 (शक)

एनसीएस का विकास

2173 श्रीमती सुधा मूर्ती:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल को और अधिक विकसित करके एक ज़्यादा व्यापक राष्ट्रीय नौकरी और कौशल रजिस्ट्री बनाने का विचार रखती है, जो नौकरी ढूंढने वालों को उपलब्ध अवसरों से बेहतर तरीके से जोड़ने में मदद करे;

(ख) क्या ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में युवाओं, महिलाओं और नौकरी ढूंढने वालों के बीच एनसीएस के बारे में जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाने पर विचार किया जा रहा है, जिसमें मॉडल करियर सेंटर और सामुदायिक स्तर पर प्रसार शामिल है; और

(ग) क्या मंत्रालय एनसीएस में कौशल की जानकारी, प्रशिक्षण संबंध और नियोक्ता को एकीकृत करने के तरीकों पर विचार कर रहा है ताकि नौकरी ढूंढने वाले लोग आसानी से बाजार की आवश्यकताओं के अनुसार अपनी प्रोफाइल का मिलान कर पाएं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ग): भारत सरकार का श्रम और रोजगार मंत्रालय, राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल चला रहा है, जो एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है।

पोर्टल में सुधार एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है। आवश्यकता पड़ने पर नवीनतम उपलब्ध तकनीक का उपयोग करते हुए समय की आवश्यकता के अनुसार परिवर्तनों/अद्यतनों की योजना बनाई जाती है। एनसीएस पोर्टल के अपडेशन में विभिन्न नौकरी/कौशल पोर्टलों (सार्वजनिक/निजी), बेहतर एआई सुविधाओं, क्लाउड आधारित वेब एप्लिकेशन (रोजगार चाहने वाले और नियोक्ता के लिए), मजबूत सत्यापन तंत्र, बहुभाषी समर्थन आदि के साथ एकीकरण शामिल है।

एनसीएस पोर्टल के संबंध में जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए एनसीएस पोर्टल पर सेवाओं की उपलब्धता और रिक्तियों के बारे में नियमित रूप से सोशल मीडिया पोस्ट जारी किए जाते हैं। एनसीएस संबंधी नवीन विकास और गतिविधियों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एनसीएस मासिक ई-न्यूज़लेटर जारी किए जाते हैं। इसके अलावा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थापित मॉडल करियर केंद्र नियमित रूप से हितधारकों के लिए विभिन्न आउटरीच गतिविधियों जैसे कार्यशालाओं, जागरूकता/अभिविन्यास कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं।

एनसीएस पोर्टल अन्य बातों के साथ-साथ रोजगार चाहने वालों की रोजगार क्षमता, डिजिटल और करियर कौशल को बढ़ाने और युवाओं को आवश्यक रोजगार योग्य कौशल की एक श्रृंखला से सशक्त और समर्थ बनाने के लिए, ऑनलाइन रोजगार क्षमता वृद्धि कार्यक्रम, डिजिटल कौशल वृद्धि कार्यक्रम और स्व-गतिशील (सेल्फ-पेस) करियर कौशल कार्यक्रम आयोजित करता है। एनसीएस पोर्टल स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) के साथ एकीकृत है जिसे एक ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच के माध्यम से रोजगार और उद्यमशीलता अवसरों हेतु व्यक्तियों की स्किलिंग, रि-स्किलिंग और अप-स्किलिंग के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन और विकसित किया गया है। एनसीएस पोर्टल को एसआईडीएच के साथ एकीकृत करने से एसआईडीएच पर रोजगार चाहने वाले कुशल व्यक्तियों के लिए एनसीएस पोर्टल का लाभ उठाने और एनसीएस के रोजगार चाहने वालों के लिए एसआईडीएच की कौशल सेवाओं का लाभ उठाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

इसके अलावा, मंत्रालय ने सभी रोजगार चाहने वालों को रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को मजबूत करने के लिए निजी और सार्वजनिक नियोक्ताओं/पोर्टलों/प्लेटफार्मों के साथ कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। अब तक 25 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिनमें एपीएनए, स्विगी, रैपिडो, जोमैटो, अमेज़ॅन, टीसीएस आईओएन, क्विकर, फाउंडइट (मॉन्स्टर) आदि जैसे अन्य कई निजी भागीदारों के साथ समझौता ज्ञापन शामिल हैं जो एनसीएस पोर्टल पर उपलब्ध जॉब फेयर लिस्टिंग, कौशल विकास कार्यक्रम, करियर काउंसलिंग आदि जैसी सुविधाएं प्रदान करते हैं।

*****